भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग

सेवा भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली
दिनांक: 01.09.2020

राजेन्द्र कुमार जैन
अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग

# अपील

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

आपको विदित होगा कि देश की एकता में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया था कि स्वतंत्र भारत की राजभाषा, देवनागरी में लिखी हिन्दी होगी। इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय की पावन स्मृति में हम प्रति वर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते आ रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग और इसके नियंत्रणाधीन क्षेत्रीय कार्यालयों में, हिंदी के प्रयोग मे निरंतर वृद्धि हुई है, परंतु सरकारी कार्यों में हिंदी को बढ़ावा देकर निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें और अधिक उत्साह एवं समर्पण से अपना सरकारी कार्य हिंदी में करना होगा।

केंद्रीय जल आयोग में मूल पत्राचार अधिकांशतः हिंदी में किया जा रहा है। हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी भाषा तथा टंकण आदि का प्रशिक्षण प्रदान करवाया जा रहा है ताकि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने में सक्षम हो सकें। हमें सरल व आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग करना चाहिए ताकि आयोग में हिन्दी भाषा के कार्यान्वयन की स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सके।

मैं आपको बताना चाहूँगा कि हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) का राजभाषाई निरीक्षण किया गया था जिसमें माननीय सदस्यों ने आयोग में हिन्दी के कार्यान्वयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की। राजभाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारा एक संवैधानिक दायित्व है। आइए, इस अवसर पर हम सब शपथ लें कि हम अपना सरकारी कार्य यथासंभव हिन्दी में करेंगे और राजभाषा के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

दिनांक 01 से 14 सितंबर, 2020 के बीच केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी से अपील है कि पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लें।

मैं, 'हिन्दी दिवस' के इस पावन अवसर पर केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि आप सभी सरकारी कार्य अधिक से अधिक हिन्दी में करने का संकल्प लें। इस समय सम्पूर्ण विश्व कोविड-19 महामारी से ग्रस्त है। फिर भी, आप सभी ऐसी कठिन परिस्थितियों में सावधानी और गृह मंत्रालय द्वारा जारी मानक परिचालन प्रक्रिया (एस ओ पी) का पालन करते हुए पखवाड़े में बढ़-चढ़ कर भाग लें और पखवाड़े को सफल बनाएँ।

शुभकामनाओं सहित,

(राजेन्द्र कुमार जैन)

प्रतिलिपिः-

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण।